सियाचिन में AAD की पहली महिला अधिकारी की तैनाती

[स्रोत: द हिंदू](#)

मैसूर की रहने वाली कैप्टन सुप्रीता CT ने [सियाचिन](#) में **सेना वायु रक्षा कोर की पहली अधिकारी** बनकर इतिहास रच दिया है।

- [सियाचिन ग्लेशियर](#) को हिमालय में **पूर्वी काराकोरम पर्वतमाला में स्थित विश्व के सबसे ऊँचे** युद्धक्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है। भारत ने वर्ष 1984 में सियाचिन ग्लेशियर पर अपना प्रभाव स्थापित करने के लिये ऑपरेशन मेघदूत शुरू किया था, जिसके तहत उसने रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण इस ग्लेशियर पर सफलतापूर्वक नियंत्रण हासिल कर लिया था।
- यह **विश्व के गैर-ध्रुवीय क्षेत्रों में दूसरा सबसे लंबा ग्लेशियर** है और यूरेशियन प्लेट को भारतीय उपमहाद्वीप से अलग करने वाले जल निकासी विभाजन के दक्षिण में स्थित है। **नुब्रा नदी (Nubra River) सियाचिन ग्लेशियर से निकलती** है।
    - **ताजिकिस्तान के याज़गुलम रेंज में स्थित फेडचेंको ग्लेशियर विश्व के गैर-ध्रुवीय क्षेत्रों** में अवस्थित सबसे लंबा ग्लेशियर है।
- सामरिक महत्त्व, विषम जलवायु और दुर्गम भू-भाग के कारण सियाचिन में विभिन्न चुनौतियाँ बनी रहती हैं।
- कैप्टन सुप्रीता से पहले **शिवा चौहान सियाचिन में तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी** थीं।

[//](#)

और पढ़ें: [अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस: सशस्त्र बलों में महिलाएँ](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/captain-supreetha-ct-first-woman-officer-from-aad-deployed-at-siachen